# सरकार ने निवेशकों के लिए खोला प्रोत्साहन का पिटारा

> • 32 इकाइयों को सीएम आज सौंपेंगे 1300 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : औद्योगिक विकास को बढ़ावा देकर वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का गोल साधने में जुटी योगी सरकार ने निवेशकों के लिए प्रोत्साहन का पिटारा खोल दिया है। औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति समेत अन्य नीतियों के तहत निवेशकों से किए गए वादे पर अमल करते हुए उन्हें प्रोत्साहन (इंसेंटिव) राशि वितरित की जा रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लोकभवन में 32 इकाइयों को इंसेंटिव वितरित करेंगे। इन इकाइयों के बीच करीब 1300 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जाएगी। 28 इकाइयों को लेटर आफ कंफर्ट के प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।

वर्ष 2003, 2012, 2015 एवं 2017 व 2022 की औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और नीतियों के तहत प्रोत्साहन-लाभ वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री लगभग 4500 करोड़ से अधिक के निवेश वाली 10 इकाइयों को व्यक्तिगत रूप से लेटर आफ कंफर्ट प्रमाण-पत्र सौंपेंगे। उत्तर प्रदेश फारेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआइ), फार्च्यून ग्लोबल एंड इंडिया-500 नीति के तहत अशोका लीलैंड (106 करोड़ रुपये) और फूजी सिल्वरटे (64 करोड़ रुपये) को 170 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण पहले ही किया जा चुका है। वहीं, औद्योगिक निवेश औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत 27 इकाइयों को 3.90 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।